तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 1 मई 2025



14 आदिम जाति कल्याण व श्रम विभाग एवं कौशल विकास ...





12 टीम गठन में देरी से सभापति नाराज कहा: बैठक में ...






## खबर संक्षेप

### श्रमिक दिवस पर आज कांग्रेसी बोरे बासी खाएंगे

**बालोद।** जिला कांग्रेस कमेटी बालोद द्वारा 1 मई को 11 बजे जिला कांग्रेस भवन में श्रमिक दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी बालोद महामंत्री रत्ती राम कोसमा ने बताया जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी के निर्देश पर इस दिन जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा क्षेत्र के श्रमिकों का सम्मान किया जाएगा और परंपरा अनुसार श्रमिकों के साथ समस्त कांग्रेस जन बोरे बासी का आनंद लेंगे।

### नगर सैनिक पद पर भर्ती परीक्षा जून में

**बालोद।** होमगार्ड विभाग में महिला एवं पुरूष नगर सैनिकों के रिक्त पद की पूर्ति हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन 22 जून को किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि होमगार्ड विभाग द्वारा 1715 महिला नगर सैनिकों तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भतऍं हेतु लिखित परीक्षा रविवार 22 जून 2025 को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा राज्य के रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अम्बिकापुर जिले में आयोजित की जाएगी। पात्र अभ्यथऍं 30 मई 2025 को शाम 05 बजे तक व्यापम के वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन एवं ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

### आंधी से खेरथाबाजार में पेड़ गिरा, एक महिला की मौत

**डौंडीलोहारा।** मंगलवार की सुबह आये आंधी की वजह से



खेरथाबाजार में एक बड़ा पेड़ गिर गया। पेड़ की चपेट में आई एक महिला की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह ग्राम खेरथा के कुम्हार समाज की महिलाएं अपने मिट्टी खदान की सफाई करने गयी हुए थी। अचानक मौसम ख़राब होने की वजह से महिलाएं अपने घर की ओर वापस आ रही थी। तभी तेज हवा के साथ आंधी शुरू हो गया जिससे बगीचे में स्थित आम का पेड़ गिर गया उसकी चपेट में घर वापस आ रही महिलाएं जिसमें कीर्तन बाई प्रजापति नामक एक महिला को सिर और सीने पर गंभीर चोटें आई जबकि रेवती बाई, तेज बाई और दया बाई भी घायल हो गई। सभी घायलों को 108 की मदद से तत्काल देवरी स्थित सामुदायिक अस्पताल पहुँचाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने घायलों को राजनांदगांव जिला अस्पताल रिफर कर दिया। जहाँ इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल कीर्तन बाई प्रजापति 63 वर्ष की मौत हो गई। बाकी घायलों का इलाज चल रहा है।

# अक्षय तृतीया पर डौकीडीह के शीतला दरबार में खिचड़ी खाने की परंपरा आज भी कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बालोद जिला गुण्डरदेही ब्लॉक के अंतिम छोर गांव ग्राम पंचायत डौकीडीह (द्वारकाडीह) इस गांव में अक्षय तृतीया के दिन पुरे गावं के बाबा जी का मठ हैं, और ठाकुर देव के पास पुजा अर्चना करके गांव के शीतला माता के दरबार में पुरे गांव के लोग खिचड़ी बनाकर खाते हैं। यहां सुबह 8 बजे से 12 बजे तक सिर्फ पुरुष लोग ही खिचड़ी बना के खाते हैं। ऐसे परंपरा छत्तीसगढ़ में कहीं नहीं होता। इसके चलते आगामी वर्ष के लिए देवी - देवताओं का पूजा-पाठ करके ग्रामवासियों के लिए उज्जवल भविष्य की मनोकामना की। इस अवसर पर गांव के बैगा गणेशराम साहू व ग्रामीण जन मोहन चंद्राकार,राजेश साहू, भूषण चंद्राकार , रूपेन्द्र, भूपेंद्र साहू,कुशल, शुभम चन्द्राकर ओमप्रकाश नूतन,रोहित निषाद संतोष सेन,विवेक चंद्राकार, लेखपाल चंद्राकर विवेक चंद्राकर . दीपक चंद्राकर पप्पू साहू गणेश साहू मनहरन निषाद शिवकुमार साहू दला राम चंद्राकर ,मिनेश साहू होरीलाल साहू मणि साहू मेघनाथ साहू,धनसिंग साहू,राजू चंद्राकार, तेजेन्द्र चंद्राकार,नवीन चंद्राकार,ईश्वर साहू,लोकेश चंद्राकार,ढालेंद्र चंद्राकार, कृष्णा चंद्राकार,धलेन्द चंद्राकार,भीषम साहू, ,गुलाब साहू,राजेन्द्र साहू,बल्लू चंद्राकार, लोमेश चन्द्राकर, मेघनाथ साहू,हेमंत चंद्राकार, डाला राम चंद्राकार, प्रीत लाल चंद्राकर, डोमन सेन,घसु सेन,चेतन सेन सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## 100 पूर्व फौली थी महामारी फिर शुरू हुई परंपरा



### बाबा की समाधि बनाई

यहां के परंपरा अभी भी चलते आ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सौ साल पुराना से चलते आ रहे हैं। पहली बार एक महामारी बीमारी फैला हुआ था , और गांव में महामारी से परेशान थे तब गांव में एक बाबा जी आये थे, कुछ दिन तक वहीं गांव में घुम रहे थे और गांव वाले को बोले कि मेरा समाधि स्थल यही बनाना और कहा कि पुरे गांव वाले मिलकर इस महामारी बीमारी को दूर करना है,तो तब गांव के ठाकुर देव और मेरे समाधि स्थल में अक्षय तृतीया के दिन ठाकुर देव परसा,पीपल के पत्ता में धान को लेकर चढ़ाते हैं और शीतला दरबार में पूजा अर्चना करते हैं, वहां सिर्फ पुरूष लोग घर से चांवल,उड़द दाल, गुड़ तीनों को मिलाकर खिचड़ी बनाते हैं और आम के आचार के साथ खाते हैं। यह परंपरा कई वर्षों से चले आ रहे हैं ।

## कार्रवाई : बैंक खाते का उपयोग म्यूल एकाउंट के रूप में अवैध ट्रांजेक्शन के लिए किया

# सायबर फ्राड का तीसरा आरोपी कानपुर से गिरफ्तार, दो लाख के ट्रांसफर का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

म्युल अकाउंट को लेकर बालोद पुलिस ने एक और कार्यवाही करते हुए सायबर फ्राड के आरोपी कानपुर (उप्र) से गिरफ्तार किया गया है। जिसमे आरोप है कि पंकज कुमार सिंह उत्तरप्रदेश के द्वारा छत्तीसगढ के कमलेश रावटे से संपर्क कर उसे कमीशन देकर गांव के भोले भाले लोगो से बैंक खाता उपलब्ध कराता था। बालोद पुलिस द्वारा साइबर सेल एवं थाना देवरी से टीम बनाकर आरोपी की पतातलाश में कानपुर उत्तर प्रदेश रवाना हुई थी। प्रकरण में पुर्व में कमलेश रावटे की गिरफ्तारी हो चुकी है, जिसमे कुल 02 आरोपी गिरफ्तार हो चुके है।

- बालोद पुलिस के साइबर सेल एवं देवरी थाने की टीम का कमाल

पुलिस विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मामले मे ग्राम पिनकापार ने थाना देवरी निवासी प्राथऍं खिलेश देवांगन पिता शेखर देंवागन के साइबर पोर्टल से प्राप्त शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि संदेही कमलेश रावटे ने अवैध रूप से किसी अन्य व्यक्ति के रकम को ट्रांजेक्शन कराकर किसन यादव के खाता में कुल 174900 रूपये अवैध रूप से ट्रांसफर कराया गया। उक्त रकम में से आवेदक खिलेश देवांगन का खाता का उपयोग कर घटना 02 अप्रैल 2025 से 05 अप्रैल 2025 तक अपने गांव के ग्राहक सेवा केन्द्र में कुल 77200 रूपये संदेही द्वारा नगद निकालकर प्राप्त किया गया। संदेही कमलेश रावटे के द्वारा किशन के बैंक खाते से छत्रपाल के खाता में फाने पे, क्यूआर कोड से 42000 रूपये ट्रांजेक्शन कराकर नगदी रकम प्राप्त किया है।

संदेही कमलेश रावटे के बैंक खाता का उपयोग म्यूल एकाउन्ट के रूप में अवैध राशि ट्रांजेक्शन होने से उसका बैंक खाता होल्ड होने से संदेही ने गांव के किशन, छत्रपाल व खिलेश देवांगन के खाता से नगदी रकम प्राप्त किया गया है यह जानते हुए कि वह रकम उसका नही है। सायबर फ्राड से अवैध धन राशि धोखाधडी से बेईमानी पूर्वक लाभ अर्जित करने के लिए किया जाना पाया जाने से थाना देवरी में धारा 317(2),317(4),318(4) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

मामले में आरोपियों के संबध में तकनीकी साक्ष्य, बैंक डिटेल, केवायसी डिटेल, बैंक ट्रांजेक्शन हिस्ट्री की जानकारी एकत्र कर प्रकरण के ग्राम परना डोंगरगांव निवासी आरोपी कमलेश रावटे पिता रामचरण रावटे को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी कमलेश रावटे से पूछताछ करने पर वह बताया की वह उत्तरप्रदेश निवासी पंकज सिंह के कहने पर उसे सायबर फ्राड मे उपयोग करने हेतु कुछ बैंक खाता कमीशन पर उपलब्ध कराता था और फ्राड रकम को चॉइस सेन्टर के माध्यम से और गांव के कुछ लोगो के बैंक खाता का उपयोग कर नगदी रकम प्राप्त कर कमीशन की रकम अपने पास रखकर बाकी राशि पंकज सिंह के बताये बैंक खाता मे डाल देता था।




### आधार कार्ड बैंक स्टेटमेंट जब्त

थाना देवरी व सायबर सेल बालोद से संयुक्त टीम रवाना होकर कानपुर उत्तरप्रदेश गये। टीम द्वारा लोकल स्तर पर ग्रामीण वेशभूषा में कैम्प कर आरोपी के संबंध में जानकारी प्राप्त कर तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपी पंकज सिंह को चिंन्हाकित कर लोकल पुलिस की मदद से रेड कार्यवाही किया गया। एलआईजी 97 प्लाट जरौली फेस 2 बर्रा 8 कानपुर नगर थाना गुजैनी पुलिस चौकी जरौली कानपुर उत्तरप्रदेश निवासी आरोपी पंकज कुमार सिंह पिता रविंद्र सिंह उम्र 27 वर्श को विधिवत गिरफ्तार कर बालोद लाया गया। आरोपी से 01 नग आईफोन मोबाईल हैण्डसेट, आधार कार्ड, बैंक स्टेटमेंट जब्त किया गया।

# दो बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, बच्ची समेत तीन घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम झलमला मे दो बाईक की आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे मे एक व्यक्ति की मौत हो गई और 4 साल की बच्ची समेत तीन लोग घायल हो गए। यह घटना बालोद दुर्ग मार्ग पर हुआ है। स्थानीय लोगो ने तत्परता दिखाते हुए पुलिस और 108 एम्बुलेंस सेवा को कई बार फोन किया लेकिन कही से कोई जवाब नही मिला। ऐसे मे तीन घायलो को ग्रामीणो ने निजी वाहनो की मदद से जिला अस्पताल पहुचाया।

जनकारी के अनुसार पहली बाईक सीजी 24 जे 4322 पर ग्राम सनौद निवासी टेकाराम साहू अपनी 4 साल की बेटी गोपिका के साथ सवार थे। दूसरी बाईक सीजी 24 ई 0587 पर लिलेश ठाकुर और धरम ठाकुर सवार थे। बालोद दुर्ग मार्ग पर विपरित दिशा मे आ रही दोनो बाईक आमने सामने टकरा गई। दोनो बाईको मे जोरदार टक्कर की आवाज सुनकर स्थानीय लोग घटना स्थल पर पहुंचे।

उन्होने देखा कि बाईक पर सवार चारो अलग अलग दिशाओ मे दूर जा गिरे थे। लिलेश ठाकुर सिर के बल सड़क पर गिर और बेहोश हो गए। बताया गया कि स्थानीय लोगो ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को फोन किया लेकिन कोई जवाब नही मिला। मजबूरन तीन घायलो को निजी वाहन से जिला अस्पताल ले जाया गया। चौथे व्यक्ति को एम्बूलेंस का इंतजार करना पडा। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरो ने लिलेश ठाकुर को मृत घोशित कर दिया।

# नपं की प्रथम बैठक में कई विषयों पर चर्चा करके लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



नगर पंचायत गुण्डरदेही में मंगलवार को परिषद का प्रथम सम्मेलन रखा गया था।

जिसमें गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंग निषाद, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, सीएमओ किरण पटेल, सब इंजीनियत रूपेश राठिया, पार्षद पोषण निषाद, हरीश निषाद, संतोष नेताम, लोकेश्वरी शंकर यादव, विजय सोनकर, रामबती सोनकर, हेमंत सोनकर रुखसाना तिगाला, सलीम खान, हेमलता सोनी, पूजा बिंझेकर, शैल महोबिया, फैज बख्श, सेवक महिपाल रोमलाल यादव व नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में राष्ट्रीय सहायता पेंशन योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति पर विचार एवं निर्णय, अधो संरचना मद से वार्ड क्रमांक 13 जनपद रोड में स्थित सामुदायिक भवन का मरम्मत संधारण के निविदा न्यूनतम दर की स्वीकृति पर विचार एवं निर्णय, वार्ड क्रमांक 14 तालाब किनारे व्यावसायिक कांप्लेक्स निर्माण के संबंध में निविदा आमंत्रण किए जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 2.0 योजना हेतु स्थल चयन एवं डीपीआर तैयार किए जाने ▶▶| शेष पेज 13 पर

# एक देश एक चुनाव को फौसला अपव्यय रोकना का सरल उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



नगर पालिका परिषद बालोद अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी की अध्यक्षता में प्रथम सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पहलगांव में हुए शहीद नागरिकों को एक मिनट का मौन धारण का श्रंद्वाजली अर्पित की गई।

- नगर पालिका बालोद की प्रथम सामान्य सभा में पहलगाम के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी द्वारा बैठक के प्रथम एजेंण्डा एक देश एक चुनाव कराये जाने के संबंध में सहमति व्यक्त किया गया। चर्चा के दौरान कहा गया कि बार बार चुनाव होने से शासकीय मशीनरी का दुरूपयोग, धन का अपव्यय, विकास कार्यो में बाधा होने के कारण देश की उन्नति में बाधा होती है, इसलिये एक देश एक चुनाव कराये जाने की सहमति व्यक्त किये है। इसी प्रकार राष्ट्रीय हितग्राही मूलक योजनाओ को प्रेसीडेन्ट–इन–कौंसिल की बैठक में रखे जाने की स्वीकृति प्रदान की गई, निकाय के न्यायालयीन प्रकरणों के निपटारा हेतु अधिवक्ता नियुक्त किये जाने एवं स्व. जालम सिंह पटेल मांगलिक भवन, गांधी भवन निलामी शर्तो के तहत कराये जाने की स्वी—ति प्रदान की गई है तथा निकाय के प्रेसीडेन्ट–इन–कौंसिल के बैठक 01 अप्रैल 2025 में लिये गये निर्णयो जैसे विभिन्न विकास कार्यो, हितग्राही मूलक योजनाओं एवं कार्यालयीन व्यवस्था हेतु कराये जाने वाले कार्यो के निविदा आमंत्रण की स्वीकृति को अनुमोदित किया गया है। बैठक में उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, पार्षद पुष्पा साहू, किरण साहू, प्रीतम शेखर यादव, कांति साहू, सतीष यादव, सुनील मालेकर, रीता सोनी, निर्देश पटेल, दीपक कुमार, राजू पटेल, सुमित शर्मा, सुनिता मनहर, आशा पटेल, गोकुल कुमार, विनोद बंटी शर्मा, गोमती बाई रात्रे, गिरिजेश गुप्ता, श्यामा यादव, कसीमुद्दीन कुरैशी एवं सौरभ शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी व अन्य कर्मचारीगण की उपस्थित में सम्पन्न हुई।

## संविधान गौरव अभियान पर की गई विचार संगोष्ठी का आयोजन

# डा. आंबेडकर छुआछूत को मिटाया व समता का संदेश दिया : नीलू शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





संविधान गौरव अभियान के तहत आज दल्ली राजहरा के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर हाल में डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीलू शर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ,वरिष्ठ अतिथि दिनेश सुखदेव सेवानिवृत प्राचार्य , महेंद्र पंडित एवं विशेष रूप से चेमन देशमुख (भाजपा जिला अध्यक्ष ),पवन साहू (पूर्व जिला अध्यक्ष ) देवलाल ठाकुर (प्रदेश प्रवक्ता ) ,रामेश्वर साहू मंडल अध्यक्ष राजहरा , रमेश गुजर महामंत्री राजहरा,तोरण लाल साहू (अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा ) ,मनोज दुबे उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा ,कुंती देवांगन (अध्यक्षा नगर पंचायत चिखलाकसा ) ,मुकेश कौड़े अध्यक्ष डौंडी जनपद ,अशोक बाम्बेश्वर ( अध्यक्ष बौद्ध समाज दल्ली राजहरा ) हेमंत कांड़े प्रदेश उपाध्यक्ष बौद्ध समाज रवि भासागड़े भीमराव भैसारे विपिन चंद्र करतटडे चंद्र रेखा नंदेश्वर होरीलाल मालेकर , अनिल खोबरागड़े आर के सहारे मुकेश कोड़ा मोहंतीन चौरका योगेंद्र सिन्हा ,रूपेश नायक ,मनीष झा एवं अन्य समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम सर्वे में सर्वप्रथम बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर तेल चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया तदुपरांत भारत का संविधान की प्रस्तावना की मुख्य अतिथि नीलू शर्मा ने उपस्थित जनों को शपथ दिलाई गई। स्वागत भाषण अनिल खोबरागड़े ने दिया। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब आंबेडकर महिलाओं को बराबरी का अधिकार दिया काम के समय को 8 घंटे में समाहित कर प्रसूति दिला ने के लिए बाबा साहब ने अथक प्रयास किये। आज मुझे यह कहते हुए भी गर्व महसूस हो रहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य ने भी महतारी वंदन योजना लागू कर उन्हें सम्मान दे रहे हैं ।

मुख्य अतिथि नीलू शर्मा ने कहा डा. आंबेडकर ने छुआछूत भेदभाव और उच्च नीच के भेदभाव को मिटाकर समता का संदेश दिया है। उसे ना परिवार जानता था ना समाज कि विश्व में आने वाला समय में वह अपनी अमिट पहचान बनायेगा । बाबा साहब का जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा है । उनके मन में पीड़ा थी कि समाज में जो असमानता है उसे खत्म करना है । उन्होंने संविधान को जिस उद्देश्य से बनाया गया था उसे उस रूप में लॉन्च नहीं किया गया यह उनके मन में पीड़ा थी दर्द थी। बाबा साहब समाज में समरसता लाना चाहते थे यही बात देश के नेताओं को पसंद नहीं आ रही थी इसलिए बाबा साहब के विचारों का हर वर्ग विरोध करते थे। जब देश आजाद हुआ नए सरकार बने वे नए सरकार बनी वे कानून मंत्री बने । नेहरू जी के विचार और बाबा साहेब के विचारो में कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन रामेश्वर साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया।

# नपं को अवैध कब्जा हटाने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम बघमरा के नगरवासियो ने मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन से मिलकर अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन सौंपा।

जिसमें ग्राम बघमरा पटवारी हल्का नंबर 34 के खसरा नंबर 315 एवं 344 जो कि शासकीय भूमि है, जिसमें अवैध अतिक्रमण करके इसमें ईट भट्ठा संचालित किया जा रहा है, जिसके लिए बघमरा वासियो द्वारा आवेदन नगर पंचायत अध्यक्ष को सौपा है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने तत्काल एसडीएम एवं तहसीलदार को सूचित कर अवैध अतिक्रमण हटाकर सीमांकन करने के लिए आग्रह किया। मुलाकात के दौरान पार्षद हरीश निषाद, पार्षद पोषण निषाद, पूर्व पार्षद टीकू निषाद, कलिंदा निषाद, बन्नू राम निषाद, कन्हैया लाल, चंद्रिका निषाद, राजकुमार निषाद, तेजराम, कीर्तन और अन्य लोग उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### सेमरिया में सेन महाराज की जयंती मनाई गई

**दुर्ग।** दुर्ग जिला उमरे सेन समाज द्वारा धमधा ब्लॉक के अंतर्गत दुर्ग-खैरागढ़ मार्ग पर स्थित ग्राम सेमरिया, लिटिया, बोरी में संत शिरोमणि सेन महाराज की 725 वीं जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि साजा विधायक ईश्वर साहू थे। इस अवसर अध्यक्ष केशशिल्पी बोर्ड सुश्री मोना सेन ने कहा कि सेन समाज की महिलाएं अब विकास और उन्नति की राह में चल पड़ी है। समाज की लडकियां मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही है। उन्होंने कहा कि बेटी पढ़ेगी तो समाज ही क्या देश भी बढ़ेगी इसलिए समाज की हर बेटी को अच्छी शिक्षा व संस्कार देना हम सबका कर्तव्य है। कार्यक्रम में अध्यक्ष तेलघानी विकास बोर्ड जितेन्द्र साहू, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ उमरे सेन समाज दिनेश उमरे, नंदकुमार सेन, पवन वर्मा, बीरबल पटेल, कृष्णा पटेल , हेमकरण वर्मा, श्रीमती रुखमणि हेमंत वर्मा, श्रीमती धर्मेश्वरी अनिल साहू, राहुल नेताम, भीखम सेन सहित सभी अतिथियों ने पारिवारिक एवं सामाजिक एकता बनाये रखने पर जोर दिया। समारोह के पूर्व उमरे सेन समाज की महिलाओं द्वारा शोभायात्रा निकली गई। इस अवसर पर अध्यक्ष दिनेश उमरे, हिरेन्द्र उमरे, ओंकार उमरे, श्रीमती सुरुचि उमरे, गोपाल उमरे, नरेश श्रीवास, मन्नू मनहरण उमरे, तना उमरे, प्रभु उमरे, तुकाराम उमरे, अजय उमरे, नीलकंठ उमरे, बलराम उमरे, हितेश उमरे, सहित समाज के महिला, पुरुष सदस्य उपस्थित थे।

### सब जूनियर फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप 15 को

**दुर्ग ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज द्वारा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के सहयोग से 15 से 19 मई तक बेमेतरा के एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में छत्तीसगढ़ राज्य सब जूनियर फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है । छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में उक्त चैंपियनशिप में अंडर 7, 9, 11 एवं अंडर 13 आयु वर्ग के दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा । यह सभी चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे । 15 एवं 16 मई को अंडर 7, 9, 11 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के बीच अंतरराष्ट्रीय नियमों के आधार पर स्विस लीग पद्धति से सात चक्रों में मैच खेला जाएगा। जिसमें अंडर 7, 9 एवं अंडर 11 के बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं चौथे पांचवें एवं छठवें स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मोमेंटो प्रदान किया जाएगा ।

### अपर कलेक्टर विरेन्द्र होंगे सुशासन तिहार के नोडल अधिकारी

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण अभियान सुशासन तिहार 2025 के लिए अपर कलेक्टर दुर्ग विरेन्द्र सिंह को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। ज्ञात हो कि पूर्व में यह दायित्व भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अरविन्द एक्का एडीएम को सौंपा गया था। वर्तमान में उनकी पदस्थापना जिले से अन्यत्र हो जाने के कारण अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह को यह दायित्व सौंपा गया है।

### प्लेसमेंट कैम्प 2 मई को

**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग मालवीय नगर चौक में 02 मई को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में जीएसएमआर सोलर प्राइवेट लिमिटेड के 30 रिक्त पदों हेतु भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी। जिसमें सेल्स एक्सक्युटि के 10 पर एवं फील्ड रिप्रेसेंटेटिव के 20 है। उक्त सभी पदों हेतु मासिक वेतन 15000 से 20000 प्लस इन्सेंटिव होगी। इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्रों सहित रोजगार मेला में उपस्थित हो सकते हैं।

# सामूहिक कन्या विवाह के लिए जोड़े ढूंढ़ने में छूट रहा पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन की कन्या विवाह योजना के लिए महिला बाल विकास विभाग का अमला जी जान से जुटा हुआ है। विभाग को जोड़े ढूंढ़ने में काफी पसीना बहाना पड़ रहा है। इस बार 60 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य शासन से मिला है। हर 6 महीने में शासन द्वारा प्रदेश के सभी जिलों को लक्ष्य दिया जाता है।

छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवार की कन्याओं के विवाह के लिए योजना बनाई गई है। इस योजना के तहत गरीब परिवार की कन्याओं के विवाह में आर्थिक कठिनाईयों से बचने, फिजूलखर्ची रोकने और सादगीपूर्ण विवाह को प्रेरित करने का प्रमुख उद्देश्य है। योजना के अंतर्गत हितग्राहियों का चिन्हांकन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पर्यवेक्षक के सत्यापन के बाद विभाग को भेजा जाता है।

## दुर्ग जिला महिला बाल विकास को मिला 60 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य

### आती है कई तरह की अड़चनें

शासन की इस महती योजना को पूरा करने महिला एवं बाल विकास विभाग का अमला एड़ी चोटी का जोर लगाता है। सख्त नियमों और लक्ष्य पूरा करने की नियत से अपात्र जोड़ों का भी चयन हो जाता है। कैंप भिलाई और उरला दुर्ग में पिछली बार गलत हितग्राहियों का चयन किया गया। विभाग ने इन दोनों प्रकरणों में जांच भी करवाई थी लेकिन जांच का नतीजा क्या हुआ यह समझ से परे है।



### लक्ष्य निर्धारित

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लिए दुर्ग जिले का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य की प्राप्ति निर्धारित समयावधि में पूरी कर ली जाएगी। पात्र हितग्राहियों का चयन करने पूरी तरह सावधानी बरती जा रही है।

**-आरके जामुलकर,** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग

दुर्ग जिले में अप्रैल से सितंबर तक के लिए 60 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखा गया है। दुर्ग जिले में 8 परियोजना शाखाएं आती है। सभी शाखाओं को अलग-अलग लक्ष्य दिया गया है।

गर्मी की वजह से अप्रैल-मई माह में जोड़ा ढूंढ़ना विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है। विवाह योग्य जोड़ा ढूंढ़ने सभी परियोजना शाखाओं की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और पर्यवेक्षक जमकर मेहनत कर रहे हैं लेकिन अभी तक लक्ष्य के करीब नहीं पहुंच पाए हैं। मई माह में उपयुक्त मुहूर्त देखकर विवाह की तारीख तय की जानी है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजनाओं को लक्ष्य पूरा करने के निर्देश भी दिए गए है। जानकारी के मुताबिक एक परियोजना शाखा को 24 जोड़ों का लक्ष्य जिला शाखा द्वारा दिया गया है।

## बैठक : विशेष सामान्य सभा की बैठक में सभापति की सत्तापक्ष को खरी-खरी

# टीम गठन में देरी से सभापति नाराज कहा: बैठक में मोबाइल नहीं चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम के सामान्य सभा में सभापति श्याम शर्मा की संचालन की कुशलता काफी चर्चा में है। चाहे विपक्ष हो या सतापक्ष वे अपनी कुशलता के तराजू में बराबर तौलते दिख रहे है। मंगलवार को सामान्य सभा की बैठक में उन्होने सत्तापक्ष से स्पष्ट शब्दों में कहा कि, सामान्य सभा कि पूर्व की बैठक में लाए गए विषयों पर क्या हुआ। इस पहली बात होगी। उन्होने जलकर से संबंधित जांच टीम गठित किए जाने के मामले में इशारा किया और आने वाले समय में इस तरह की विषयों को सामाधान सहित सदन पटल में रखने के निर्देश दिए।

पिछले सामान्य सभा की बैठक में पिछले तीन साल के जलकर को एक साथ लेने का विरोध किया गया था। जिस पर पहले जांच टीम गठित कर जांच किए जाने का प्रस्ताव पास हुआ था। लेकिन अब तक टीम ही गठित नही हुई। वहीं सभापति ने कहा कि, बैठक में देखा गया है कि, ज्यादातर पार्षदगण बैठक के महत्वपूर्ण विषयों से ध्यान हटाकर मोबाइल में व्यस्त रहते हैं। उन्होने कहा है कि, आने वाले बैठक में मोबाइल पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होगी। उल्लेखनीय हैं कि, नगरनिगम द्वारा एक देश एक चुनाव के विषय को लेकर नगरनिगम में सामान्य सभा की बैठक आहुत की गई थी। तीन घंटे तक चले इस बैठक में आखिर में बहुमत के आधार पर प्रस्ताव पारित कर दिया गया। हांलाकि बैठक में पार्षद आरएन वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिले और उप नेता प्रतिपक्ष विजयेन्द्र पटेल ने कानून प्रावधान के तहत इस तरह का प्रस्ताव सदन में लाने का विरोध किया।

## दोपहर तीन से पांच बजे तक चली बैठक, बहुमत से प्रस्ताव पारित



दुर्ग। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को सदन में दी गई श्रद्धांजलि।

### विपक्ष ने जताया विरोध, निर्दलीय ने दिया साथ

एक देश एक चुनाव का प्रस्ताव सदन में लाया गया था। इसे लेकर पार्षद आरएन वर्मा ने कहा कि, यह प्रस्ताव नगरनिगम एक्ट से संबंधित ही नही हैं। ऐसे में उन्होने सवाल उठाया कि, किसके कहने पर यह प्रस्ताव सदन में लाया गया है। उन्होने कहा धारा 60,67,68 में स्पष्ट उल्लेख है कि, ये प्रस्ताव केन्द्र और राज्य का मसला है। ऐसे में इसे नगरनिगम के सदन में लाना समय बर्बाद करने जैसा हैं, इसके लिए जनसमुदाय से समर्थन मांगे। वही नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिने ने कहा वर्तमान में शहर में जल संकट की स्थिति हैं, इससे बडा दूसरा विषय हो ही नही सकता। उन्होने कहा यह केन्द्र का मुद्दा हैं। उन्होने इसी बीच मोदी द्वारा सांसदों को खरीदने की बात कह दी। जिस पर सत्तापक्ष आक्रामक हो गई और संजय कोहिले को माफी मांगने पर दबाव बनाए, इस बीच तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी। कांग्रेस पार्षदों को छोड प्रस्ताव को सभी निर्दलीय पार्षदों ने समर्थन दिया।

### देश बड़ा अध्याय लिखेगा-महापौर

महापौर अलका बाघमार ने कहा एक राष्ट्र, एक चुनाव एक नए अध्याय की शुरुआत है। लोकतंत्र और उसकी प्रक्रिया पर आम जन का विश्वास बना रहे, इसके लिए जरूरी है कि चुनाव प्रणाली दुरुस्त हो। सरकार की पहल उसी विश्वास बहाली की दिशा में बढ़ता एक कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत लोकसभा चुनाव के दौरान कहा था कि, उनके तीसरे कार्यकाल में देश बड़े फैसलों का एक नया अध्याय लिखेगा। पिछले छह महीनों में सरकार ने कई ऐसे फैसले लिए हैं, जिनके दीर्घकालिक परिणाम होंगे, लेकिन 19 दिसंबर को संसद में प्रस्तुत एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक से निश्चय ही इस नए अध्याय की शुरुआत हो चुकी है। यह सही है कि लोकतंत्र एक महान शासन प्रणाली है, लेकिन यह भी सत्य है कि यह एक अत्यधिक महंगी प्रणाली है। यह सुचारू रूप से चलती रहे, इसके लिए प्रत्येक स्तर पर अनुशासन की मांग करती है। मेयर के भाषण के बाद सत्तापक्ष के ज्ञानेश्वर ताम्रकार, देवनारायण चंद्राकर, साजन जोसेफ और नरेन्द्र बंजारे ने भी एक देश एक चुनाव की खूबियां गिनाई।

# छः माह प्रोजेक्ट में देरी से अंजोरा में जलसंकट




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मुख्यालय से लगे ग्राम अंजोरा ढाबा पिछले चालीस साल से जल संकट से जूझ रहा हैं। इस समस्या से निजात के लिए गांव में जल जीवन मिशन के तहत समूह जल योजना का कार्य शुरू किया गया हैं। इस प्रोजेक्ट को

- दो दिन से भूख हडताल पर डटे ग्रामीण

अक्टूबर 2024 में पूरा किया जाना था। लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण प्रोजेक्ट पूरे छः माह पिछड गया है। हालात यह है कि, ग्रामीणों को पानी के भूखे बिलखने पर मजबूर होना पड गया हैं। ग्रामीण तीन दिन से भूख हडताल पर डटे हैं।जानकारी अनुसार जिले में निकुम, जेवरा सिरसाखुर्द भटगांव, चंद्रखुरी कोलिहापुरी पीसेगांव, मोतीमपुर, ओदरागहन सुरपा और कौही रानीतरई गांव में शिवनाथ नदी से इंटकवेल बनाकर गांव तक शुध्द पानी लाने की योजना बनाई गई है। इन सात समूह के तहत ढाई सौ से अधिक गांव हैं। प्रोजेक्ट में अंजोरा ढाबा को भी शामिल किया गया है। इस प्रोजेक्ट को पिछले साल अक्टूबर माह में पूरा करना था। लेकिन सिर्फ 72 फीसदी कार्य हुए हैं। यहां पाइप लाइन के कार्य 85 फीसदी तक ही हुए हैं। ऐसे में विभाग का दावा है कि, आने वाले तीन माह में नदी से पानी लाने की योजना पूरी होगी। ऐसे में इस गर्मी में ग्रामीणों को कोई निजात मिलते नही दिख रही हैं।

### विभाग ने कहा पानी बहाया जा रहा

विभाग ने एक बयान जारी किया है। जिसमे बताया गया कि, सहायक अभियंता एवं उपअभियंता द्वारा ग्राम अंजोरा (ढाबा) विकासखंड दुर्ग का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम में वर्तमान में कुल 11 हैंडपंप (03 चालू, 08 बंद), 07 पावरपंप (04 चालू, 03 बंद), 01 सोलरपंप चालू अवस्था में है, जिसके माध्यम से ग्रामवासियों को पेयजल की आपूर्ति हो रही है। ग्राम में वर्तमान में पेयजल की समस्या नही है। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि पावरपंप को सुबह से शाम तक लगातार चालू रख कर पेयजल का अपव्यय किया जा रहा है। जिस पर सहायक अभियंता द्वारा सरपंच एवं ग्रामीणों को पेयजल का दुरूपयोग न करने समझाइश दी गई।

### तीन माह में पूरा करेंगे

प्रोजेक्ट के कार्य पिछडे जरूर है। वर्तमान में नदी से पानी लाने का कार्य तेजी से जारी है। आगामी तीन माह के अंदर गांव में नदी से पानी लाने का प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा।

**-उत्कर्ष शर्मा,** ईई पीएचई दुर्ग

# युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूल के सेटअप से छेड़छाड़, पनपा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राज्य शासन द्वारा स्कूलों के युक्तियुक्तरण करने निर्देश जारी किए जाने के बाद शिक्षक संगठनों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो गई हैं। स्कूल व शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण

- प्राथमिक स्कूल में सिर्फ एक शिक्षक का प्रावधान

हेतु जिन मापदंडों को तय किया गया है। इसका संघ द्वारा विरोध किया जा रहा हैं। कार्यकारी प्रांताध्यक्ष एवं जिला प्रमुख दुर्ग व छ्ग शालेय शिक्षक संघ चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि, जारी आदेश 2 अगस्त 2024 का पुराना है। जिसका मुखर विरोध पालकगण, ग्रामीणजन व शिक्षक संगठनों ने किया था। शालेय शिक्षक संघ ने युक्तियुक्तकरण के इन आदेशों व मापदंडों का तथ्यात्मक रूप से विरोध किया था और बहुत सारे सुझाव भी दिए थे। हालांकि तब यह प्रक्रिया सत्र के मध्य होने से अफरा तफरी मच जाने की आशंका से स्थगित कर दी गई थी, परन्तु यह जिन्न एक बार पुनः बाहर आ गया है। शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने कहा कि, युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूलों के सेटअप से छेड़छाड़ किया जा रहा है। शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय शालाओं में शिक्षकों की पदस्थापना अवश्य करना चाहिए, पर स्कूलों के सेटअप से छेड़छाड़ कर प्राथमिक की 5 कक्षा के लिए प्रधानपाठक और एक शिक्षक से कैसे शिक्षा में गुणवत्ता आ सकती है और पांच अलग अलग कक्षा को जब केवल 2 शिक्षक संभालेंगे तो नौनिहालों व बच्चों की सुरक्षा व निगरानी अहम विषय होगी। यशालेय शिक्षक संघ के पदाधिकारी विजय बेलचंदन, अशोक देशमुख, तिलक सेन, योगेन्द्र वर्मा, प्रताप सिंह धनकर, युवराज साहू, वेदराम जांगड़े, कृष्ण राज पांडे, वीरेन्द्र पारकर, रविकांत देवांगन आदि ने आदेश पर विचार करने मांग की हैं।

### स्कूल प्रयोगशाला बनकर रह गया

शालेय शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी एवं प्रांतीय महासचिव धर्मेश शर्मा ने कहा कि लगता है शासकीय विद्यालय अब केवल टेबल में बैठकर नियम व दिशा निर्देश बनाने वालों के लिए एक प्रयोगशाला मात्र रह गया है। नवाचार के नाम पर नित नई योजनाएं, नित नए अव्यवहारिक दिशा निर्देशो ने शासकीय विद्यालयों की पढ़ाई और उचित व्यवस्थापन को बाधित कर रखा है। विभागीय सेटअप से इतर युक्तियुक्तकरण करना प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को चौपट करना है।

### मोहलाई स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**दुर्ग।** शासकीय हाई स्कूल मोहलाई के स्थानीय परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहे। प्राचार्य लखन लाल साहू ने बताया कि, विद्यालय की कक्षा नवमी की स्थानीय परीक्षा का परिणाम 71 प्रतिशत रहा। जानवी साहू ने 95.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, चिराग टंडन ने 90.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय, मानसी निषाद ने 89.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय एवं मोनिशा निषाद ने 87.33 प्रतिशत अंक के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्राचार्य लखन लाल साहू ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि आगामी वर्ष हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा हेतु विद्यार्थी अभी से प्रतिदिन समयबद्ध नियमित पढ़ाई हेतु तैयारी कर लें। शाला के व्याख्याता अशोक कुमार साहू, अनिल कुमार मिंज, नीलेश श्रीवास्तव, गीतांजलि तिवारी, मुकेश तिरपुरे, कविता रगड़े, अभिषेक वाघेला, आशीष, रानी ने छात्र छात्राओं को बधाई दी। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए सरपंच डॉ. नरेंद्र सिंह निषाद, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रोमनाथ देवांगन एवं सभी पालकों ने छात्र छात्राओं को बधाई दी है। मोहलाई शाला परिवार एवं ग्रामवासियों में हर्ष का माहौल है।

# विपक्ष ने कमरा एलॉट करने निगम में दिया धरना, कहा रोज करेंगे



**दुर्ग।** नगरनिगम में सभी एमआईसी सदस्यों सहित महापौर को कार्यालय का आबंटन हो गया है। लेकिन नेता प्रतिपक्ष द्वारा मांग किए जाने के बाद भी सत्तापक्ष द्वारा रूप एलाट नही किए जाने से नाराज संजय कोहिले और उप नेता प्रतिपक्ष विजेन्द्र पटेल ने धरना दे दिया। विशेष सामान्य सभा के पहले धरना शुरू किए जाने से निगम प्रशासन में खलबली मच गई। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिने ने कहा कि, आम जनता की अगर सत्तापक्ष सुनवाई नही करेगी तो वे किसे अपनी पीडा बताएंगे। उन्होने कहा कि, पहले भी कमरा एलाट करने निगम आयुक्त को पत्र लिखा गया था। लेकिन जवाब नही मिला। उन्होने कहा जब तक कार्यालय एलाट नही होगा, तब तक विपक्षीय पार्षद के साथ वे निगम परिसर में धरने पर बैठेगें।

## शिक्षा के अधिकार कानून का पालन कराने चलेगा अभियान

**भिलाई।** वर्ष 2009 में शिक्षा का अधिकार कानून बना और छत्तीसगढ़ में इसका नोटिफिकेशन हुआ, लेकिन इसमें राज्यो को संशोधन का अधिकार है। बच्चो को इनका अधिकार देने के लिए जरूरी परिवर्तन होना चाहिए, पर सरकार की अनदेखी के कारण आज पालक शासन-प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं। उक्त बातें पालकों ने जन अधिकार परिषद के कार्यालय पहुंचकर अरुण सिसोदिया से कहीं। उन्होंने अपनी समस्याओं से अवगत कराया और सहयोग की अपील की। सिसोदिया ने कहा कि शिक्षा विभाग में इसके निराकरण के लिए अभियान चलाया जाएगा। परिषद पहले भी फीस नियामक आयोग के गठन के लिए जन अधिकार परिषद ने वर्ष 2013 से 2019 तक निरंतर हाई कोर्ट में जनहित याचिका के माध्यम से संघर्ष किया है। 2019 में राज्य सरकार ने निजी स्कूल नियामक आयोग का गठन किया।

## मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम, गंभीर अवस्था में बाहर निकाला

# चौहान एस्टेट के लिफ्ट में मेंटेनेंस की लापरवाही, युवक केज में गिरा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

चौहान स्टेट के लिफ्ट में मेंटनेंस की लापरवाही के चलते एक युवक की केज में अचानक गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक सुपेला स्थित चौहान स्टेट में लगी लिफ्ट के मेंटनेंस में लापरवाही बरतने पर मंगलवार की सुबह सुभाष चौक डुंडेरा उतई निवासी राजा बंदे 36 वर्ष नामक युवक लिफ्ट के केज में अचानक गिर पड़ा। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और लिफ्ट के केज में गिरे



राजा को उतारकर तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना चौहान स्टेट की तीसरी मंजिल की है। उक्त कॉम्पलेक्स में कई सैकड़ों की संख्या में व्यवसायिक प्रतिष्ठान अर्से से संचालित है। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि युवक राजा किस काम के लिए चौहान स्टेट सुबह-सुबह पहुंचा और क्या कर रहा था। पुलिस इसे लेकर जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए मरचूरी में रखवा दिया है।

जिला सेनानी अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र कुमार सिंह के मुताबिक प्रथम दृष्टया लग रहा है कि युवक लिफ्ट का उपयोग कर तीसरे मंजिल से नीचे आना चाह रहा था। इसलिए लिफ्ट का दरवाजा खुला देखकर उसमें अपना कदम रखा। जबकि लिफ्ट उस तल पर नहीं होकर भू-तल पर थी। इस कारण युवक तीसरी मंजिल से सीधे युवक भू-तल पर आ गिरा। हादसे में राजा को गंभीर चोट आई थी।

### एसडीआरएफ ने किया रेस्क्यू ऑपरेशन

चौहान स्टेट के तीसरे मंजिल से लिफ्ट के केज में गिरने की जानकारी लगने पर एसडीआरएफ की टीम ने अग्नि शमन से ईश्वर खरे, दिलीप, सूरज, राजू, महेश, भूपेंद्र, ओमकार, विनय, हेमराज, थानेश्वर, कुंजेश, शरद, डीवहार, धर्मेंद्र, नागेश, अवतार, मनोज पहुंचे। एसडीआरएफ द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर युवक को केज से मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। लेकिन युवक को प्राथमिक उपचार के लिए सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर होने से उसे जिला अस्पताल दुर्ग रेफर किया गया। जहां ले जाते समय युवक ने दम तोड़ दिया।

# पक्षियों के दाना-पानी का इंतजाम कर दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गर्ल्स कॉलेज दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पक्षियों के संरक्षण हेतु दाना-पानी की व्यवस्था के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण आज की गंभीर समस्या है।

यह हमारे जीवन और प्रकृति के लिए बहुत हानिकारक है। मनुष्य के साथ पशु-पक्षी भी इससे प्रभावित होते हैं। वर्तमान में पर्यावरण असंतुलन के कारण भीषण गर्मी पड़ रही है। इस स्थिति को देखते हुए कॉलेज में पक्षियों के लिये दाना-पानी की व्यवस्था की गई है। पक्षी पर्यावरण का एक अभिन्न अंग है तथा उनके संरक्षण हेतु सभी को आगे आकर उनके देखभाल के लिए अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. मुक्ता बाखला, डॉ. एमएल प्रसुन्ना, डॉ. लता मेश्राम, डॉ. ऋतु दुबे, ज्योति भरणे, वंदना वंजारे, कविता वैष्णव, डॉ. दीक्षा जोशी सहित अन्य मौजूद थे। गर्मी की भयंकरता को देखते हुए पक्षियों के बचाव हेतु मिट्टी के सकोरे में दाना-पानी डालकर पेड़ों की टहनियों में लटकाया। साथ ही सभी ने प्रतिदिन सकोरे में दाना-पानी डालने का संकल्प लिया। महाविद्यालय के कर्मचारी श्री विमल यादव, श्री विजय चन्द्राकर, श्री बल्ला वैष्णव का भी सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन डॉ. सुषमा यादव ने किया।

**खबर संक्षेप**



### महिला का गुमा पर्स ट्रैफिक पुलिस ने लौटाया

**भिलाई।** लावारिस हालत में पड़ी महिला का पर्स, मोबाइल को ट्रैफिक पुलिस की महिला आरक्षक ने सुरक्षित सामान को सौंप दिया। ट्रैफिक एएसपी रिचा मिश्रा ने बताया कि नेशनल हाईवे और प्रमुख मार्गो में खड़ी वाहनों को हटाने, नो पार्किंग के वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। इस दौरान पेट्रोलिंग के समय गुरुद्वारा तिराहा पर महिला का पर्स सड़क पर लावारिश हालत में महिला आरक्षक को पड़ा मिला। उसे ट्रैफिक मुख्यालय नेहरु नगर में जमा किया गया। ट्रैफिक पुलिस ने वायरलेस सेट से पर्स के बारे में सभी बीट पॉइंट, पेट्रोलिंग थाना को सूचित किया गया। तब पता चला कि उक्त पर्स रजनी साहू का है। मोबाइल नंबर से संपर्क कर महिला को ट्रैफिक मुख्यालय बुलाया गया। उसके बाद उसका गुमा पर्स महिला को सौंपा गया। महिला ने ट्रैफिक पुलिस का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### चोरी करने वाला बालक पकड़ाया

**भिलाई।** अपने गृह ग्राम आन्ध्र प्रदेश गए परिवार के सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात चोरी मामले में पुलिस ने अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी छावनी हरिश पाटिल ने बताया कि मछली मार्केट पुरैना भिलाई तीन निवासी ई. अपन्ना मकान में ताला ज़ड़कर अपने गृह ग्राम आन्ध्र प्रदेश गया था। पड़ोसी ने फोन कर उसे बताया कि मकान का ताला टूटा मिला है। पीड़ित को पहुंचने पर पता चला कि मकान में चोरी हुई है। शिकायत के बाद पुलिस ने पातसाजी करने पर पता चला कि ई. अपन्ना के मकान में सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर संदिग्ध बालक के बारे में जानकारी मिली।

### शराब के लिए पैसे मांगे नहीं दिए तो की मारपीट

**भिलाई।** शराब पीने के लिए रुपए का डिमांड कर नहीं देने पर चाकू दिखाकर मारपीट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 119(1), 296, 351(2), 115(2), 3 (5) बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि , शिवाजी नगर, अटल आवास, खुर्सीपार निवासी मज्जी कुमार 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। आरोपी मज्जी से पूछताछ पर पुलिस को बताया कि अपने दोस्त नागेश नागरची और एक अपचारी बालक के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने युवक से स्कूटी सीजी-07 सीयू-9463 को जप्त किया।

### न्यू सचदेवा कॉलेज दूसरी बिल्डिंग में शिफ्ट, जिसे सील किया, वह थी किराए की

**भिलाई।** उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश पर बीएसपी के प्रवर्तन अनुभाग की टीम ने न्यू सिविक सेन्टर स्थित सील बिल्डिंग को खोलकर सामानों की सुपुर्दगी न्यू सचदेवा कॉलेज को की। सचदेवा कॉलेज के संचालक चिरंजीवी जैन ने बताया कि पहले कॉलेज का संचालन इसी बिल्डिंग पर किया जा रहा था। बिल्डिंग दिनेश सिंघल को आवंटित थी। बीएसपी और उनके बीच कोई डिस्पुट था, इस वजह से बीएसपी ने बिल्डिंग पर कार्रवाई की।

**पेज 11 का शेष**

### नपं की प्रथम बैठक में ...

बाबत विचार एवं निर्णय, स्वच्छ भारत मिशन 2.0 योजना अंतर्गत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का डीपीआर तैयार करने के संबंध में विचार एवं निर्णय, वन नेशन वन इलेक्शन के संबंध में चर्चा, सुशासन तिहार 2025 से प्राप्त आवेदन पत्रें के निराकरण के संबंध में विचार एवं निर्णय इन सभी विषयों पर चर्चा की गई।

**पर्व : अंचल में अक्षय तृतीय का पर्व हर्षोल्लास से मनाया**

# अक्षय तृतीय के मुहूर्त पर हुई एक दर्जन शादियां









हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

भारी बारिश के बीच अक्षय तृतीया 2025 के अवसर पर दल्लीराजहरा सहित आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में विवाह समारोह आयोजित किए गए। हालांकि, इस वर्ष कुछ ज्योतिषीय कारणों से विवाह के लिए शुभ मुहूर्त नहीं था, फिर भी सामाजिक परंपराओं और मान्यताओं के चलते कई स्थानों पर दर्जनों शादियाँ संपन्न हुईं। इस वर्ष अक्षय तृतीया पर गुरु और शुक्र ग्रह अस्त होने के कारण विवाह जैसे शुभ कार्यों के लिए मुहूर्त नहीं था। गुरु और शुक्र दोनों ही विवाह के प्रमुख कारक ग्रह माने जाते हैं, और इनके अस्त होने पर विवाह जैसे शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं।

#### विवाह समारोहों का आयोजन

दल्लीराजहरा और आसपास के क्षेत्रों में सामाजिक परंपराओं और मान्यताओं के चलते कई स्थानों पर विवाह समारोह आयोजित किए गए। स्थानीय समाजों ने सामूहिक विवाह आयोजनों की योजना बनाई थी, लेकिन भारी बारिश और ज्योतिषीय कारणों से कुछ आयोजनों को निरस्त भी किया गया। बाल विवाह की रोकथाम के प्रयासः अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह की संभावनाओं को देखते हुए प्रशासन सतर्क रहा।

#### दल्लीराजहरा बाजार में रौनक

अक्षय तृतीया के अवसर पर सोना, चांदी और अन्य वस्तुओं की खरीदारी को शुभ माना जाता है। इस दिन बाजारों में विशेष रौनक देखी गई, और लोगों ने सोना-चांदी, बर्तन, कपड़े आदि की खरीदारी की, अक्षय तृतीया 2025 के अवसर पर दल्लीराजहरा और आसपास के क्षेत्रों में सामाजिक परंपराओं के चलते विवाह समारोह आयोजित किए गए, हालांकि ज्योतिषीय कारणों से यह दिन विवाह के लिए शुभ नहीं था। प्रशासन ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए सतर्कता बरती, और बाजारों में खरीदारी की रौनक देखी गई।

## अक्ति पर ठाकुर देवता की पूजा की व बच्चों ने रचाई गुड्डे-गुड़ियों की शादी



**डौंडीलोहारा।** नगर सहित समूचे अंचल में नये सीजन का खेती किसानी का शुभारम्भ करने गांव के ठाकुर देवता में पूजा अर्चना कर अच्छी फसल की कामना कर किसानों ने ठाकुर देवता को माथा टेककर ग्राम बैगा द्वारा वितरण किया गया, धान को अपने अपने खेतों में छिड़क कर खेती किसानी का शुभारम्भ किया। अक्षय तृतीया को बिना मुहुर्त देखें विवाह के लिये भी शुभ दिवस माना जाता है लिहाजा नगर सहित क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो में अनेको विवाह भी सम्पन्न हुये। छत्तीसगढ़ में अक्ति बिहाव के नाम से भी आज के दिन को अक्षय विवाह के नाम से जाना जाता है। ग्राम कामता में बालिका मंडली ने दुलपुत्री विवाह का आयोजन कर रस्म निभाया। छोटे छोटे बच्चों ने गुड्डा गुड़यिा का विवाह रचाया। विधिवत तेल हल्दी ,चुलमाटी, मायन नाचा, बारात परघाना, लाल भाजी खिलाना, टिकावन आदि के माध्यम से बच्चों ने विवाह रूपी सारे साजो सामान व जतन के विवाह के रस्म अदायगी की। अक्ति बिहाव के माध्यम से बच्चो ने काफी आंनद उठाया। बड़े बुजुर्गों ने भी गुड्डा गुड़यिा के विवाह में बच्चों के साथ आनंद लेते हुए उनके खुशियों में अपने को भी शरीक किया।

ग्राम कामता में बालिका मंडली ने अपने परिवार को शामिल कर बाराती घराती बनाकर खूब आनंद लिया। वर वधू पक्ष का रस्म निभाने एक पक्ष बाराती बनकर आए तो दूसरे पक्ष ने बाराती का स्वागत सत्कार किया। इस रोचक दृश्य को देख कर ग्रामीणों ने भी संध्या होते ही टीकावन के लिए उपहार सामग्री भेंट कर बच्चों का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर भानेश्वरी सिन्हा, केतिका सिन्हा, साक्षी साहू, साक्षी सिन्हा, तेजस्विनी सिन्हा, ओजस्वी सिन्हा, डोनिशा साहू, वैशाली सिन्हा , वीणा सिन्हा, वैभव सिन्हा, सहित बालिका मंडली ने पूरे कार्यक्रम के दौरान सक्रिय रही।

### हिसाब-किताब के लोचा पर विवाद ठाकुरदई में अक्ति पर्व नहीं मनया

**लाटाबोड़।** अक्षय तृतीया का विशेष महत्व है इस दिन बिना पंचांग देखे किसी भी तरह का शुभ और मांगलिक काम किए जा सकते है अक्षय तृतीया को शुभ मुहूर्तों में से एक माना जाता है हर साल बैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया का पर्व मनाते है इस दिन बिना कोई मुहूर्त देखे शुभ और मांगलिक काम किए जा सकते है परन्तु गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम पसौद में ग्रामीण पदाधिकारीयों व ग्रामीणों के मध्य ग्राम में हुए खर्चो का हिसाब किताब का लेखा जोखा ग्रामीणों के समक्ष नहीं दे पाने के कारण तूतू मैमै व वाद विवाद की इस्थिति के चलते ग्राम में बैगा नहीं लगने के कारण इस वर्ष ग्राम के ठाकुरदाई में नही मनाया गया। अकती पर्व ठाकुरदाई क़ो किसानों ने देवी अन्नपूर्णा की पूजा-अर्चना की कामना नहीं की और ना ही परसा पेड़ के पत्ते का दोना बनाकर धान को अन्नपूर्णा को अर्पित नहीं किया ग्रामीणों ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया की ऐसा ही इस्थिति ग्राम में 20 वर्ष पूर्व और हुवा था उस समय पर्व के एक माह बीत जाने के बाद त्यौहार मनाया गया था और अच्छी फसल की कामना किया गया था अक्षय तृतीया को शादी के लिए शुभ मुहूर्त माना जाता है मान्यता है कि इस दिन किसी भी काम की शुरुआत की जा सकती है कोई मुहूर्त, तिथि, पंचांग, दिनवार की जरूरत नहीं होती इस दिन के सभी कामों का फल अक्षय होता है ग्रामीण क्षेत्रों में खूब शादियां हुई बच्चों ने रचाया गुड्डे गुड़यिों का विवाह इस दौरान ग्रामीणों ने अपना कामकाज बंद कर त्यौहार मनाया।

## ग्राम बटरेल की शाला के परीक्षा परिणाम घोषित



**जामगांव आर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बटरेल में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, सदस्य, पालकों, शिक्षकों एवं छात्र– छात्र की उपस्थिति में कक्षा 6 वी एवं कक्षा 7 वी के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा बुधवार को की गई। जिसमें कक्षा 7 वी से प्रथम टोमिन यादव, द्वितीय हेमा विश्वकर्मा एवं तृतीय रुमा यादव तथा कक्षा 6 वी प्रथम आरती सपना, द्वितीय पुष्कर साहू, तृतीय टमेश साहू ने स्थान प्राप्त किया।

## विधायक संगीता सिन्हा का अंचल प्रवास लगातार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विधायक संगीता सिन्हा लगातार क्षेत्र का दौरा कर जनसंपर्क कर रही है, इस दौरान वे ग्राम व ग्रामीणो की समस्याओ की जानकारी लेकर उन्हे दूर करने का प्रयास कर रही है। जनसंपर्क के दौरान वे ग्राम बालोदगहन पहुंची जहां ग्रामीणो से चर्चा की। इस दौरान उन्हे कार्यकर्ताओ से जानकारी हुई कि विकासखण्ड के वयोवृद्ध कांग्रेस पाटएँ के कार्यकर्ता भगवानदास मरचूरिया जो ग्राम पंचायत बालोदगहन के सरपंच भी है के 75 वां जन्मदिवस है, ग्रामीणो ने इस अवसर पर सादगी पूर्ण हुए



आयोजन किया गया। संगीता सिन्हा अपनी पार्टी के वयोवृद्ध कार्यकर्ता का आर्शीवाद लेने एवं आयोजित कार्यक्रम में संजारी बालोद विधानसभा विधायक संगीता सिन्हा सम्मिलित हुई।

भगवानदास मरचूरिया ने कहा ये बड़ा सुखद संयोग है कि इस तरह के कार्यक्रम में विधायक जी की सहभागिता से कार्यकर्ताओं के बीच आपसी स्नेह विश्वास और रिश्ते को बढ़ाव मिलता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तामेश्वर साहू, उपाध्यक्ष दुर्गुराम सिन्हा, क्षेत्रीय कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पीएमश्री सेजेस के छात्रों ने इंटर्नशिप पूरी की



**गुरूर।** पीएमश्री सेजेस गुरूर प्राचार्य बीपी यादव की अध्यक्षता मे विद्यालय के व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत रिटेल और टेलीकाम ट्रेड की छात्रओ को उनकी इंटर्नशिप पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कक्षा 9वीं से 12वीं मे व्यावसायिक पाठ्यक्रमो बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। दोनो ट्रेडो रिटेल जिसके प्रशिक्षक आशुतोश सिंह और टेलीकाम जिसके प्रशिक्षक विपिन चन्द्राकर है उनका इस इंटर्नशिप प्रोग्राम मे महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस इंटर्नशिप प्रोग्राम मे कक्षा 11 वीं और 12वीं के छात्रे की कार्यनुभव प्राप्त करने के उद्दे"य से विभिन्न संस्थाओ मे 10 दिवसीय इंटर्नशिप पूर्ण की। जिसके प"चात आज उन्हे यह प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## सोनईडोंगरी विद्यालय के एचएम को सेवानिवृत्ति पर दी ससम्मान विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

गुरुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोनईडोंगरी स्थित माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री रामकुमार ठाकुर के सेवानिवृत्ति के उपलक्ष में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अपनी टीचर को कभी भूल नहीं पाएंगे, आंखों में आंसू लेकर बच्चों ने कहा अलविदा बच्चों से वह इतना घुलमिल गईं थी कि सेवानिवृत्ति की खबर से पिछले तीन दिनों से स्कूल में आकर सभी बच्चे रोते रहते थे। उनकी विदाई समारोह के दौरान बच्चे अपनी आंखों के आंसू न रोक पाए। उनका कहना था कि हमारी बड़े शिक्षक को वह कभी नहीं भूला पाएंगे।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत सोनईडोंगरी जागृति खिलावन साहू थी। अध्यक्षता ग्राम विकास समिति सोनईडोंगरी दुलारू राम साहू ने किया। विशेष अतिथि पुरण वारदे, जितेंद्र यादव, कौशल साहू, राम सहाय साहू, सचिव हीरालाल साहू, अध्यक्ष माध्यमिक शाला विकास समिति मयाराम यादव, प्राथमिक अध्यक्ष शाला विकास समिति चंद्रिका जामुनकर, भूखण लावत्रएवं सदस्य उपस्थित थे।

इस अवसर पर स्कूली छात्रओं द्वारा नृत्य, प्राथमिक शाला के पूरे स्टाफ की ओर से सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया। ठाकुर शिक्षा विभाग में आने से पहले 2 वर्ष तक नगर सैनिक के रूप में अपनी सेवाएं दिया, फिर 1986 से शिक्षा विभाग में पद ग्रहण करते हुए आज पर्यंत 2025 तक अपनी सेवाएं बेदाग रूप से कर्तव्य निष्ठा, अनुशासन पूर्वक सेवा कल पूर्ण किया।

गणमान्य लोगों एवं छात्र–छात्रओं के द्वारा भी यथाशक्ति उपहार दिया गया। अतिथियों ने कहा कि गुरु ज्ञान के सागर होते हैं। प्रधानाध्यापक राम कुमार ठाकुर मिष्ठभाषी एवं मिलनसार प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। जिसके कारण सिर्फ आदर पंचायत ही नहीं बल्कि पूरे ब्लॉक के लोगों एवं शिक्षकों के बीच जाने जाते हैं। वही इस दौरान सेवानिवृत प्रधानाध्यापक ठाकुर ने अश्रुपूरित आंसुओं के साथ विदाई सह सम्मान समारोह में उपस्थित तमाम लोगों का आभार व्यक्त किया।

महिलाओं ने सेवानिवृत ठाकुर की धर्मपत्नी सुखयारिन ठाकुर को भीभेंट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संकुल केंद्र मोखा एवं धानापुरी के सभी स्कूलों से शिक्षक, शिक्षिकाएं का उपस्थिति भी रहा। इस कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी एवं पंचायत का विशेष योगदान रहा। पूरे ग्रामवासी ठाकुर सर के निज निवास ग्राम कनेरी तक पहुंचने के लिए गए थे, गांव में भी भव्य स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नामदेव साहू एवं आभार प्रदर्शन शिक्षक डूमेंद्र कुमार यादव द्वारा किया गया।

## सशिमं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर के परीक्षा परिणामों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिती के संयुक्त सचिव शेखलाल माला ने दीप प्रज्वलन कर किया। वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा संस्था प्रमुख वेदप्रकाश कटेन्द्र ने किया। जिसमें कक्षा अरूण में दिव्यानी प्रथम तथा रौनक पटेल द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा– उदय में निशिका साहू प्रथम स्थान तथा टकेन्द्र कुमार साहू एवं शिवम द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा– प्रभात में दुर्गा मण्डावी प्रथम स्थान तथा चेष्टा साहू द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा– प्रथम में हिमेश साहू प्रथम स्थान तथा लक्ष्य कुमार साहू एवं अंश यादव द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा द्वितीय में हर्ष कुमार प्रथम स्थान तथा अल्पा नेताम द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा तृतीय में वन्या सोनी एवं पूर्वांश साहू प्रथम स्थान तथा भूमि साहू एवं रेनिश साहू द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा– चतुर्थ में उपासना साहू एवं रोनिता जोशी प्रथम स्थान तथा अनुराग साहू द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा– षष्ठम में हर्षिता प्रथम स्थान तथा युनिशा साहू द्वितीय स्थान पर रही। कक्षा– सप्तम में वंशिका सोनी प्रथम स्थान तथा तितिक्षा साहू द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा नवम में प्राची साहू प्रथम स्थान तथा चेतना माला द्वितीय स्थान पर रही। कक्षा– एकादश में हेमांशी नागवंशी प्रथम स्थान तथा हिमांशी सिन्हा द्वितीय स्थान पर रही।

उक्त कार्यक्रम में उपस्थित पालकों तथा आचार्य दीदीयों के समक्ष वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा संस्था के प्राचार्य वेदप्रकाश कटेन्द्र ने किया।

अतिथी के रूप में उपस्थित विद्यालय प्रबंधकारिणी समिती के अध्यक्ष आनंदराम सोनबरसा तथा सदस्य आरती सोनबरसा के द्वारा भैया बहनों को सम्मानित कर पुरूस्कार प्रदान किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा भैया बहनों संबोधित करते हुए लक्ष्य की प्राप्ति तक निरंतर प्रयास करने की सीख देते हुए आशीर्वचन प्रदान किया। उक्त कार्यक्रम में परीक्षा प्रमुख नीमा साहू एवं परीक्षा प्रमुख गोपाल पटेल के साथ आचार्य योगे"वर साहू, अगे"वर हिरवानी, मिलन साहू, खिले"वरी साहू, आशा नेताम, खुमे"वरी साहू, रोशनी साहू, टिलेश्वरी साहू, संतोषी नागवंशी, कुमुदनी यादव, सीमा निषाद, कामनी साहू, आरती मरकाम, प्रमिला कुंजाम, पुनम यादव, यशस्वी ओटी का योगदान रहा।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### प्रगति विद्यालय में परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**डौंडीलोहारा।** प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा , कक्षा 5 वीं में गुलशन कुमार पटेल ने सर्वाधिक 93% अंक प्राप्त कर प्रथम, अनन्या यादव 90.3% अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा मयंक साहू ने 88.5% अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया,इसी प्रकार कक्षा 8 वीं में दीक्षा यादव ने सर्वाधिक 90.67% अंक प्राप्त कर प्रथम,मयंक साहू ने 83.67% अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा प्राची बलेन्द्र ने 80.83% प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया, सभी सफल विद्यार्थियों को संस्था अध्यक्ष हस्तीमल सांखला , सचिव फुलचंद जैन , प्राचार्य राजकुमार देवांगन , संचालक ललित सिंह गौर , प्रधानाचार्य सुश्री कीर्तिबाला टांक , परीक्षा प्रभारी उमेंद कुमार सिन्हा , मूलचंद साहू सहित सभी स्टाफ ने बधाई एवं शुभकामनायें प्रदान की।

### नपं अध्यक्ष नेहा ने कलेक्टर दिव्या मिश्रा से की मुलाकात

**डौडीलोहारा।** जिला कलेक्टर कार्यालय बालोद में लोहारा नगर पंचायत की उपाध्यक्ष नेहा राहुल उपाध्याय ने नवपदस्थ कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से मुलाकात की, इस अवसर पर जिला ब्राह्मण समाज की ओर से ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष अटल दुबे, प्रकाश उपाध्याय, अरुण उपाध्याय , असीम दीवान, धीरज उपाध्याय, बंटी विनोद शर्मा , बिट्टू दुबे, आदित्य दुबे,लाले शर्मा सहित अनेक लोग सौजन्य मुलाकात में शामिल थे।नेहा उपाध्याय ने नगर कई मुद्दों को लेकर कलेक्टर को ध्यानाकर्षण करवाया जिस पर कलेक्टर मेडम ने ध्यान से सुना व संज्ञान में लेने की बात कही।

### चंदखुरी विद्यालय के परीक्षा परिणाम घोषित

**अंडा।** शा. पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंदखुरी में कक्षा 6वी और 7 वी का वार्षिक परीक्षा घोषित करने से पूर्व अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना की जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी आने वाले बच्चों को कविता ठाकुर सरपंच, गोपाल यादव जनपद सदस्य, भूपेन्द्र साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति एवं बाबूराय साहू प्रधान पाठक, दुष्यंत चंद्राकर सदस्य, देवकीनंदन शर्मा समन्वयक,त्रिभुवन देशमुख, चेतन साहू, विजयालक्ष्मी पाटिल, पुष्पा गजेन्द्र, सुनीता पालरकर, स्वाति प्रसाद, योगेश्वरी हरमुख , संतोष शर्मा उपस्थित थे,इस अवसर पर सरपंच कविता ठाकुर ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मकान का ताला तोड़कर 82 हजार पार

**भिलाई।** घुमने गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर नगदी रकम समेत जेवरात पार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए) के तहत जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि वार्ड 2 इंदिरा नगर पाटन निवासी तरुण चौहान जनपद पंचायत में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर कार्यरत है।

## बैठक : बच्चों की सुरक्षा का भी पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिया गया

# आदिम जाति कल्याण व श्रम विभाग एवं कौशल विकास प्राधिकरण के कार्यों की बैठक में समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ छात्रवास व आश्रमों के विद्यार्थियों को भोजन-नाश्ता एवं अन्य जरूरी सुविधाएं बेहतर ढंग से अधिकारी उपलब्ध कराएं : कलेक्टर

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आदिम जाति कल्याण एवं श्रम विभाग तथा जिला कौशल विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की बैठक लेकर संबंधित विभागों में चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर मिश्रा ने आदिम जाति कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए विभाग के अधिकारियों को जिले के छात्रवास एवं आश्रमों में निवासरत विद्यार्थियों को समुचित मात्र में भोजन, नाश्ता एवं अन्य जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता के साथ-साथ बच्चों की सुरक्षा की भी पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने छात्रवास एवं आश्रमों में निवासरत बच्चों को अध्ययन-अध्यापन हेतु बेहतर परिवेश एवं संसाधन उपलब्ध कराने के साथ-साथ समय-समय पर कैरियर काउंसलिंग कराने के भी निर्देश दिए। जिससे कि वे अपने अभिरूचि के अनुसार फील्ड का चयन कर सकें। कलेक्टर मिश्रा ने आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों से छात्रवास-आश्रमों एवं आवासीय विद्यालय के बच्चों को नीट, जेईई आदि की कोचिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराने को कहा। इसके अलावा उन्होंने विद्यार्थियों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराने के भी निर्देश दिए। मिश्रा ने शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के दौरान एवं विद्यार्थियों के अवकाश के पश्चात छात्रवास, आश्रमों एवं आवासीय विद्यालयों में वापस आने के दौरान अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराने को कहा। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने जिले में संचालित छात्रवास, आश्रमों के अलावा एकलव्य आवासीय विद्यालय, संभागीय क्रीड़ा परिसर एवं आदर्श आवासीय विद्यालय की संपूर्ण व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को छात्रवास, आश्रमों एवं आवासीय विद्यालयों में बच्चों को बेहतर से बेहतर सुविधा एवं परिवेश उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले के सभी छात्रवास, आश्रमों एवं आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम उत—ष्ट होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने निर्धारित कार्य योजना बनाकर जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में मिश्रा ने श्रम विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए श्रम पदाधिकारी को श्रम विभाग के अंतर्गत चल रहे योजनाओं तथा जिले में इनके क्रियान्वयन की स्थिति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सुशासन तिहार के अंतर्गत श्रम विभाग को प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समयावधि में समुचित निराकरण सुनिश्चित करने निर्देश भी दिए। बैठक में मिश्रा ने श्रम पदाधिकारी से सुशासन तिहार के अंतर्गत श्रम कार्ड बनाने हेतु प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में की जा रही कार्रवाई के संबंध में भी जानकारी ली। मिश्रा ने सभी आवेदकों को दूरभाष से संपर्क कर श्रम कार्ड बनाने हेतु आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने की सूचना देने तथा शेष रह गए आवेदकों का श्रम कार्ड बनाने के लिए समाधान शिविरों में कैंप भी लगाने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने जिला कौशल विकास प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



### योजना बनाकर कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करें

बैठक में मिश्रा ने जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना के कार्यों की प्रगति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को योजना बनाकर इस कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करने को कहा। बैठक में मिश्रा ने अंतरजाति विवाह प्रोत्साहन योजना के साथ-साथ वनाधिकार पत्र जारी करने के कार्य के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से वनाधिकार पत्रधारी परिवारों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा पोष्ट मेट्रीक ऑनलाईन छात्रवृत्ति आदि विभाग के अन्य सभी कार्यों की समीक्षा की।

# सतनामी समाज ने हमले में मृत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला सतनामी समाज बालोद के नेतृत्व में तहसील सतनामी समाज गुण्डरदेही स्थित सामाजिक भवन में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए भारतीय नागरिक को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला सतनामी समाज बालोद के जिला अध्यक्ष संजय बारले ने आतंकवादियो के द्वारा बर्बरतापूर्ण हुए इस हमले की घोर निन्दा किया। हमले में घायल हुए नागरिकों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई साथ ही शासन प्रशासन से उनके व्यथित परिवारजन को हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए अपील की गई। उपस्थित समस्त सामाजिक प्रबुद्ध जनों के द्वारा आतंकी हमले में मारे गए दिवंगत आत्मा के शांति के लिए दो मिनट की मौन धारण कर श्रद्धाजली दी।

जिसमे जिला अध्यक्ष संजय बारले, संरक्षक पवन जोशी, पीडी.टंडन, महासचिव संजय जोशी, गोपाल दास बंजारे, मंसाराम कुर्रे, मानसिंह देशलहरे, नीलकंठ टंडन, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कन्हैयालाल मधुकर, कन्हैयालाल, संदीप जोशी, छबिलाल बंजारे, बालाराम कोसरे, चमन जनार्दन, अशोक आडिल, प्रेमलाल सोनवानी, प्रेम दास टंडन, डोमन लाल टंडन, निर्मल कोसरे, रामस्वरूप चतुर्वेदी, गोपी खुटेल, खूबलाल कुर्रे, जितेंद्र खुटेल, दीपक बघेल और सभी जिला व तहसील स्तर से उपस्थित पदाधिकारी द्वारा संवेदना अभिव्यक्त की गई।

### चंदखुरी विद्यालय के परीक्षा परिणाम घोषित

**अंडा।** शा. पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंदखुरी में कक्षा 6वी और 7 वी का वार्षिक परीक्षा घोषित करने से पूर्व अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना की जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी आने वाले बच्चों को कविता ठाकुर सरपंच, गोपाल यादव जनपद सदस्य, भूपेन्द्र साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति एवं बाबूराय साहू प्रधान पाठक, दुष्यंत चंद्राकर सदस्य, देवकीनंदन शर्मा समन्वयक,त्रिभुवन देशमुख, चेतन साहू, विजयालक्ष्मी पाटिल, पुष्पा गजेन्द्र, सुनीता पालरकर, स्वाति प्रसाद, योगेश्वरी हरमुख , संतोष शर्मा उपस्थित थे,इस अवसर पर सरपंच कविता ठाकुर ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सुशासन का असर : टेकापार की दामिनी को मिला जाब कार्ड तो छलकी खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ ग्राम पंचायत में दिया था आवेदन और मिल गया मनरेगा का जाब कार्ड

सुशासन तिहार 2025 बालोद जिले के ग्राम टेकापार की दामिनी यादव की जिंदगी में एक नई उम्मीद लेकर आया है। क्योंकि अब उसकी समस्या का त्वरित समाधान हो चुका है। दामिनी ने सुशासन तिहार के प्रथम चरण में ग्राम पंचायत में मनरेगा जॉब कार्ड के लिए आवेदन किया था। उनके इस आवेदन पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मनरेगा जॉब कार्ड बनाकर उन्हें प्रदान कर दिया है। दामिनी यादव एक गृहिणी है और अब तक वह अपने घर के कामकाज में ही व्यस्त रहती थी। लेकिन मनरेगा जॉब कार्ड मिलने के बाद अब उसके पास बाहर काम करने का अवसर होगा।



इस जॉब कार्ड के जरिए वह मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्रें में होने वाले विकास कार्यों में हिस्सा ले सकेंगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। यह आय का एक नया स्त्रोत उसके परिवार को मजबूती देगा। दामिनी ने बताया कि उसे शासन की महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है, जिसके तहत उसे प्रतिमाह आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। इस योजना ने उनके परिवार की छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने में मदद की है, और अब मनरेगा जॉब कार्ड के साथ वह अपने पैरों पर खड़े होने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ रही हैं। अपने आवेदन का त्वरित समाधान होने पर दामिनी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

उसने कहा कि, मैंने सोचा नहीं था कि मेरा आवेदन इतनी जल्दी स्वीकार होगा। अब मैं अपने परिवार के लिए कुछ कर सकूंगी। यह सुशासन का असली लाभ है, जो हम जैसे ग्रामीणों के जीवन को बदल रहा है। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार 2025, राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रें में सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक त्वरित और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना है। सुशासन तिहार 2025 के तहत इस तरह की पहल से छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रें में विकास और समृद्धि की नई उम्मीद जाग रही है।

## अक्षय तृतीया पर किया गायत्री यज्ञ...



**बालोद।** ग्राम निपानी मे गायत्री परिवार द्वारा अक्षय तृतीया पर एक दिवसीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमे गायत्री परिवार के सदस्यो के साथ परिजन सम्मिलित हुए।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव के फैसले को राजहरा पालिका ने दिया समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

30 अप्रैल देशभर में एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर चल रही बहस के बीच आज राजहरा नगर पालिका परिषद ने इस पहल को लेकर बड़ा कदम उठाया है।

नगर पालिका के सभागार कक्ष में आयोजित विशेष बैठक में पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू, उपाध्यक्ष मनोज दुबे और सभी पार्षदों ने प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की। बैठक का शुभारंभ सुबह 11:30 बजे राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके बाद /"एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिस पर सभी सदस्यों ने प्रशासनिक और आर्थिक दक्षता, विकास कार्यों में निरंतरता, राजनीतिक स्थिरता, मतदाता जागरूकता और चुनावी खर्च में कमी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपने विचार रखे। सभी उपस्थित पार्षदों ने प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित करते हुए केंद्र सरकार की इस पहल का सर्वसम्मति से समर्थन किया।

इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर, पीआईसी सदस्य, कार्यपालन अभियंता नित्यानंद उपाध्याय, सहायक अभियंता सलीम सिद्दीकी, विधायक प्रतिनिधि रतिराम कोसमा सहित नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। यह प्रस्ताव न केवल नगर स्तर पर जनप्रतिनिधियों की जागरूकता और जिम्मेदारी को दर्शाता है, बल्कि आने वाले समय में देशभर में इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर जनसमर्थन का संकेत भी देता है।

# डौंडीलोहारा हिंदी-अंग्रेजी कन्या शाला की परीक्षाओं के परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ नगर पंचायत उपाध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में की गई परीक्षा परिणाम की घोषणा

शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम डौण्डी लोहारा में वार्षिक परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल को घोषित किया गया जिसमें अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के शैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चन किया गया। स्वागत भाषण एवं संस्था के समस्त गतिविधि पर जितेन्द्र देशमुख प्रभारी प्रधानपाठक द्वारा किया गया, सत्र 2024- 25 के अनेक गतिविधियों के विषय में जानकारी दिया गया, मुख्य अतिथि श्रीमती नेहा उपाध्याय उपाध्यक्ष नगर पंचायत डौण्डी लोहारा,अध्यक्षता सुमित कुमार साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, विशेष अतिथि राजेंद्र निषाद पार्षद, बुधवार सिंह भुआर्य अध्यक्ष पालक समिति एवं पालकगण उपस्थित रहे । हिंदी माध्यम के कक्षा छठवीं में योगिता सेन प्रथम, पल्लवी द्वितीय, खुशी साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवीं में सिमरन प्रथम, गायत्री मरई द्वितीय, भाविका भुआर्य तृतीय रही ,कक्षा आठवी में यूशी साहू प्रथम, धारणी सिंन्हा,माही साहू तृतीय रही , इंग्लिश मीडियम में कक्षा छठवीं ठामेन्द्र कुमार यादव प्रथम, धर्मेंद्र कुमार सिन्हा द्वितीय, नवीन कुमार तृतीय रहे ,कक्षा सातवीं जतिन कुम्भकार प्रथम खोमेश कुमार द्वितीय, खुशी कुमारी तृतीय रही ,कक्षा आठवीं में कुमकुम देवांगन प्रथम ,तेज राम द्वितीय ,भूमि साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



मुख्यअतिथि के द्वारा बच्चों के परिणाम पर आशीर्वाद व उज्जवल भविष्य की कामना किया गया ।

मुख्य अतिथि श्रीमती नेहा उपाध्याय द्वारा अपने विद्यार्थी जीवन में प्रगति की ओर अग्रसर रहने की शिक्षण का अनुभव सभी बच्चों को दिया। विशेष अतिथि श्री राजेंद्र निषाद द्वारा इस फकीरों प्रगतिशील कि लिए विशेष ध्यान रखने की बातें किए। संकुल समन्वयक मोहित भौसार्य एवं नरेंद्र साहू द्वारा भविष्य में बच्चे को ग्रेट सुधार एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर प्रकाश डाले। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संजय नायक विजय वैदे, उत्तरा मंडावी,खिलेश्वर गंजीर, मिलिंद नागदेवे, यशोदा यादव, पार्वती प्रसाद के सहयोग से सफलता प्राप्त हुआ। मंच का संचालन खिलेश्वर गंजीर द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन संजय नायक द्वारा किया गया।

### व्यापारी पर चाकू से हमला, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते व्यापारी पर चाकू से हमला करने वाले तीन युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 109, 3(5) के तहत कार्रवाई किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि बाबादीप कालोनी केम्प 2 निवासी चरणजीत सिंह उर्फ नानू फेब्रिकेशन का काम करता है। 28 अप्रैल की रात अपने घर के पास पुल के ऊपर था। इस दौरान समीर ने पीड़ित से गाली गलौज कर रहा था।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## 32 वर्षों से लंबित 27% ओबीसी आरक्षण लागू करें : राधेश्याम

# आरक्षण के मुद्दे पर ओबीसी महासभा ने उपमुख्यमंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम ने बताया कि देश की संघीय संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार सामाजिक एवं शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े हुए समुदाय को अनुसूचित जाति ,अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में तीन वर्गों में वर्गीकृत किया गया है। सामाजिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़ेपन के आधार पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को समानता के अवसर उपलब्ध कराते हुए समुचित विकास एवं उत्थान की व्यवस्था किया गया है, तदनुसार केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित जाति को 15% तथा अनुसूचित जनजाति को 7.50% एवं राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति को 12% एवं अनुसूचित जनजाति को 32% आरक्षण का प्रावधान लगभग आबादी के बराबर किया गया है।

जबकि केंद्र सरकार ने मंडल कमीशन की अनुशंसा के अनुसार संविधान लागू होने के 44 साल बाद माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग को 27% आरक्षण दिया है, साथ ही राज्य की स्थिति के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग को राज्य शासन के द्वारा आरक्षण सुनिश्चित करने का अधिकार दिया गया है ,किंतु ओबीसी समुदाय को अविभाजित मध्यप्रदेश में मात्र 14% आरक्षण शिक्षा एवं रोजगार में दिया गया है जो कि आज पर्यंत छत्तीसगढ़ राज्य में लागू है । उन्होंने आगे कहा कि बहुसंख्यक ओबीसी समुदाय को आबादी के अनुरूप हिस्सेदारी आरक्षण प्रदान नहीं करने के कारण प्रदेश के ओबीसी समुदाय के समुचित विकास एवं उत्थान में अपरिमित नुकसान हो रही है ,जिसे ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2 दिसंबर 2022 को आरक्षण संशोधन विधेयक पारित कर महामहिम राज्यपाल के हस्ताक्षर हेतु प्रस्तुत किया गया था ,जिसमें अनुसूचित जनजाति को 32%,अनुसूचित जाति को 13%,अन्य पिछड़ा वर्ग को 27% एवं आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग को चार प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का प्रावधान किया गया है। माननीय उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए मांग किया गया कि महामहिम राज्यपाल से आरक्षण संशोधन विधेयक 2022 में हस्ताक्षर किए जाने हेतु आवश्यक पहल करें या 27% ओबीसी आरक्षण के लिए अध्यादेश पारित कर पुनः विधेयक पास करें या महामहिम राज्यपाल से ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों की सौजन्य मुलाकात हेतु समय प्रदान कराने का अनुरोध किया गया। ज्ञापन सौंपने के लिए प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम, प्रदेश सहसचिव पुनेश्वर देवांगन, संभाग अध्यक्ष रायपुर हेमंत कुमार साहू, प्रदेश प्रवक्ता लाल बहादुर यादव, जिला अध्यक्ष रायपुर किशोर कुमार सोनी, जिला महासचिव रविशंकर साहू, बालोद ब्लॉक अध्यक्ष पवन साहू उपस्थित रहे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून ,14 जुलाई, 13 अगस्त , 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर 15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411